समस्या — कैदखाना बना खरगहना पंचायत कार्यालय भवन, शासकीय जमीन पर रसूखदारों ने किया कब्जा, ग्रामीण हो रहे परेशान

# अवैध कब्जे से पंचायत कार्यालय मार्ग सकरी गली में तब्दील

**अमरपुर नवभारत।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत खरगहना व बसनिया ग्राम पंचायत में तीन गांव सम्मिलित हैं, लेकिन पंचायत कार्यालय तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि शासकीय जमीन पर रसूखदारों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिसके चलते पंचायत भवन कार्यालय मार्ग एक सकरी सी गली में तब्दील हो गया है।

ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों सहित ग्रामवासियों द्वारा अतिक्रमणकारियों से अनेकों बार मौखिक तौर पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने कहा गया, लेकिन दबंग की दबंगता ऐसी है कि आज तक अतिक्रमण अलग नहीं हो सका। परिणाम स्वरूप लंबे समय से पंचायत के जिम्मेदारों सहित ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।



### वाहन से पंचायत भवन पहुंचना मुश्किल

बता दें कि किसी अधिकारी को यदि किसी कार्यवश पंचायत भवन पहुंचना हो तो वह वहां तक नहीं पहुंच सकता। यह हम नहीं ग्रामीण और पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा बताया जा रहा है, क्योंकि पंचायत कार्यालय पहुंचने के लिए रास्ता ढूंढना पड़ता हैं। पंचायत भवन के बगल में आंगनबाड़ी भवन है, जिसमें बच्चों की दर्ज संख्या 25 हैं, परंतु वहां तक पहुंचाने के लिए लगभग 2 फीट चौड़ा रास्ता ही हैं।

### आवागमन में हो रही दिक्कत

जानकारी में बताया गया कि पंचायत भवन कार्यालय के समीप शासकीय भूमि हैं, जहां अतिक्रमण होने की वजह से आवागमन में जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। इसके अलावा आंगनबाड़ी पहुंचने वाले नौनिहालों को भी आवागमन में सबसे ज्यादा परेशानियों का समना करना पड़ रहा हैं। ग्रामवासियों की माने तो आंगनबाड़ी भवन के अंदर प्रतिदिन कैदी की तरह बैठना पड़ता है। सामने बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं हैं।

### सड़क किनारे ही पार्क करना पड़ रहे वाहन

इसी तरह ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों एवं कर्मचारी पंचायत कार्यालय भवन तक दोपहिया वाहन से नहीं पहुंच पाते। सड़क किनारे ही वाहनों को पार्क करना हर दिन की मजबूरी बन गई है। जब कभी भी बड़े वाहन यहां से गुजरते हैं तो आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और कई बार वाद विवाद भी हो जाता है। सड़क किनारे ही वाहनों को छोड़कर पंचायत भवन तक पहुंचना पड़ता हैं। दबंग का पंचायत में रसूख इतना है कि पंचायत पदाधिकारी भी विरोध नहीं करना चाहते।

**इनका कहना है**

शासकीय जमीन पर अतिक्रमण है। अतिक्रमण हटाने की कोशिश की, लेकिन हर बार विवादित स्थितियां निर्मित हो जाती है। पंचायत के सामने एक रंगमंच एवं धर्मशाला बनी हुई है। इसके समीप शेष जमीन पर अतिक्रमण कुछ लोगों द्वारा किया गया है। ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास कर जनपद कार्यालय पहुंचाकर वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया जाएगा।

**राजेंद्र विश्वकर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत खरगहना**




# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

▸ आज होगा सुखदेव आगमन एवं ध्रुव चरित्र का वर्णन

**शहपुरा नवभारत 1 फरवरी।** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर में भगवान दास असाटी की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भक्ति और उल्लास के वातावरण में विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए, जिससे पूरा गांव भक्तिमय हो गया। आयोजन सुमित्रा देवी असाटी के द्वारा किया जा रहा है, जबकि कथा वाचन प्रेममूर्ति मुकुल कृष्ण महाराज, श्रीधाम वृंदावन द्वारा किया जा रहा है। आयोजन के अनुसार 2 फरवरी, सोमवार को सुखदेव आगमन एवं ध्रुव चरित्र का वर्णन होगा। 3 फरवरी, मंगलवार को जड़भरत एवं प्रह्लाद चरित्र, 4 फरवरी को वामन अवतार, श्रीराम चरित तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया जाएगा।


**गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग 5 को**-5 फरवरी को बाल चरित्र, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 6 फरवरी को गोपी संवाद एवं रुक्मणी विवाह का सुंदर वर्णन होगा। 7 फरवरी, बुधवार को सुदामा चरित्र के साथ हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न होगी। 8 फरवरी, रविवार को विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर मुकेश कुमार असाटी एवं ज्योति असाटी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा रूपी गंगा में स्नान कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# राजा परीक्षित को दिए दिव्य उपदेश का किया वर्णन

▸ भागवत महापुराण कथा श्रवण करने उमड़ रही भक्तों की भीड़

**अमरपुर नवभारत 1 फरवरी।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बिलासर के लमरी टोला में विगत दिवस से भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया हैं।

भागवत महापुराण कथा का वाचन पं. अनिल रूद्र महाराज के मुखारविंद से हो रहा हैं। कथा श्रवण करने के लिए ग्रामवासियों के अलावा आस-पास के गांवों के भक्तजन भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। भागवत महापुराण कथा दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ कर शाम 5 बजे तक सुनाई जा रही हैं। आगामी 5 फरवरी को पूर्ण आहूति पश्चात विसर्जन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



ज्ञातव्य हो कि भागवत महापुराण कथा राज कुमार तेकाम एवं शम्भू सिंह तेकाम के परिवार द्वारा आयोजित की जा रही हैं। भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन शुकदेव का आगमन, महाराज परीक्षित को दिव्य उपदेश एवं ध्यान विधि की कथा सुनाई गई। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं से भागवत महापुराण कथा श्रवण कर धर्म लाभ उठाने की अपील की गई हैं।

# बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, दुर्घटनाओं पर लगेगा ब्रेक

▸ रानी अवंती बाई चौराहे पर कलेक्टर और एसपी ने बांटे नि:शुल्क हेलमेट लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**डिंडोरी, नवभारत 1 फरवरी।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को बस स्टैंड स्थित रानी अवंती बाई चौराहे पर जिला एव पुलिस प्रशासन सहित समाजसेवियों के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया एवं पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने स्वयं जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों में हेलमेट पहनने की आदत डालकर उनके जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

**कड़ी शर्तों के साथ किया हेलमेट वितरण**-पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने स्पष्ट किया कि हेलमेट उन्हीं वाहन चालकों को दिए गए, जिनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का बीमा है, जो सर्विसमैन नहीं हैं और जो स्वयं हेलमेट खरीदने में असमर्थ हैं। उन्होंने चालकों को सख्त चेतावनी दी कि 'हेलमेट मिलने के बाद भी यदि चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट पाए गए, तो और अधिक चालान किया जाएगा।

**पेट्रोल पंप ने आदेश की अनदेखी की तो होगी सख्त कार्रवाई**-कलेक्टर ने हेलमेट वितरण के दौरान कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानून नहीं, बल्कि परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि 1 फरवरी 26 से जिले के किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। यदि आदेश की अनदेखी हुई तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**यमराज बने जागरूकता के संदेशवाहक**-कार्यक्रम के दौरान यमराज के भेष में एक कलाकार लोगों को लगातार यह संदेश देते नजर आए कि 'हेलमेट पहनिए, जीवन बचाइए।' वहीं प्रकाश राव की टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने भी रोचक अंदाज में हेलमेट और यातायात नियमों के महत्व को आमजन तक पहुंचाया।

**समाजसेवियों ने की सहभागिता**-हेलमेट वितरण में समाजसेवी रमेश राज्यपाल, अमजद खान, मनोज वर्मा ने सक्रिय सहभागिता निभाई और लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की। इस दौरान एसडीएम भारती मरावी, तहसीलदार रामप्रसाद मार्को, यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके, सूबेदार अभिनव राय, जनसंपर्क अधिकारी सहित रामस्वरूप विश्वकर्मा, सुख सिंह ठाकुर, राजन लोधी, धनपाल डोंगरे, भूपेंद्र दुलारे, रवि मरावी, कमलेश अहिरवार, आरपी कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# अमरपुर में मड़ई मेला आज से, तैयारियां पूरी

▸ बर्तन, कपड़े और खिलौने की दुकानें सज गईं

**अमरपुर नवभारत 1 फरवरी।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में इस वर्ष भी ग्राम पंचायत अमरपुर द्वारा 2 से 3 फरवरी तक दो दिवसीय मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें व्यापारियों द्वारा अनेक प्रकार के मिष्ठान्न, बर्तन, कपड़े, घरेलू दैनिक उपयोग की सामग्री, खेल खिलौने आदि की आकर्षक दुकानें सजाई गई हैं। साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए आकर्षण झूले सहित विभिन्न प्रकार के खेल तमाशे की व्यवस्था की गई हैं। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा भी पूरी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई हैं।

### जनजातीय आस्था, गौरव और परंपरा का जीवंत उत्सव

जानकारी के अनुसार मड़ई गोंडवाना संस्कृति का प्रतीक है, जहां आदिवासी समूह रंग-बिरंगी पोशाक में पारंपरिक 'दांग' (देवी का प्रतीक) के साथ शामिल होते हैं। जानकार बताते है कि मड़ई लगाने का मुख्य कारण आस-पास के गांवों के देवी-देवताओं को आमंत्रित करना है और पारंपरिक नृत्य-संगीत के साथ पूजा की जाती है।

# हेलमेट सहित राहवीर योजना की दी जानकारी

▸ मानिकपुर साप्ताहिक बाजार में लगी शहपुरा पुलिस की चौपाल

**शहपुरा नवभारत 1 फरवरी।** सड़क सुरक्षा को लेकर शहपुरा पुलिस द्वारा ग्राम मानिकपुर के साप्ताहिक बाजार में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों, विशेषकर हेलमेट के उपयोग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डिंडोरी वाहिनी सिंह एवं एसडीओपी शहपुरा अमित तिवारी के निर्देशन तथा थाना प्रभारी अनुराग जामदार के मार्गदर्शन में किया गया। चौपाल में विपिन जोशी ने उपस्थित नागरिकों को बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का



उपयोग न केवल कानून का पालन है, बल्कि यह जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन भी है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की 'राहवीर योजना' की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल की जान बचाने हेतु उसकी सहायता करता है और समय पर अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे 25 हजार रुपये तक का इनाम दिए जाने का प्रावधान है। चौपाल के दौरान पुलिस की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं बाजार में आए लोग उपस्थित रहे।

# आदर्श शिक्षक रमेश अग्रवाल को दी बिदाई

▸ 37 वर्षों की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

**शहपुरा नवभारत 1 फरवरी।** शिक्षा जगत में अनुशासन, संस्कार और सादगी की पहचान रहे आदर्श शिक्षक रमेश अग्रवाल शनिवार 31 जनवरी को 37 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। एकीकृत माध्यमिक शाला गौरैया में आयोजित बिदाई समारोह भावनाओं से भरा रहा, जहां विद्यार्थियों, सहकर्मियों एवं पालकों की आँखें नम हो गईं।? 31 जुलाई 1989 को प्राथमिक शाला रावनकुंड से अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत करने वाले रमेश अग्रवाल ने अपने लंबे सेवाकाल में हजारों विद्यार्थियों को न



केवल शैक्षणिक ज्ञान दिया, बल्कि जीवन मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक सोच से भी उन्हें प्रेरित किया। उनका सरल स्वभाव, आध्यात्मिक दृष्टिकोण और उत्कृष्ट हास्यबोध विद्यालय परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा।

**अग्रवाल का शिक्षा में योगदान सदैव जीवित रहेगा**-बिदाई समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सरपंच, ग्रामवासी एवं परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि रमेश अग्रवाल का सेवानिवृत्त होना केवल औपचारिक प्रक्रिया है, जबकि उनका योगदान शिक्षा और समाज में सदैव जीवित रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए ससम्मान बिदाई दी।

# दमना गांव के पास खेतों में दिखा बाघ

▸ ग्रामीणो में दहशत, पार्क प्रबंधन की टीम पहुंची मौके पर

**चिल्हारी नवभारत 1 फरवरी।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र मानपुर बफर अंतर्गत दमना गांव के पास खेतों में बाघ दिखा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में मामले की सूचना बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पार्क प्रबंधन को दी गई। इसके बाद यहां 20 से



अधिक अधिकारी-कर्मचारी और गाड़ियों को तैनात किया गया है। परिक्षेत्र मानपुर बफर और ताला परिक्षेत्र की एक संयुक्त टीम लगातार बाघ की निगरानी कर रही है। सुरक्षा कारणों से अधिकारियों ने ग्रामीणों को घटनास्थल से दूर कर दिया है। बताया गया है कि बाघ खेतों की झाड़ियों में बैठा हुआ है और उस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। परिक्षेत्र अधिकारी मानपुर बफर मुकेश कुमार अहिरवार ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ क्षेत्र में लगातार गश्त भी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

# स्थानीय और विस्थापितों को लेकर छिड़ी बीटीआर में जंग

▸ विस्थापित ग्राम के लोगों ने उच्च न्यायालय में दायर की याचिका, नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया जवाब

**चिल्हारी नवभारत 1 फरवरी।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) में गाइड भर्ती को लेकर विस्थापित ग्रामवासियों और गैर-विस्थापित ग्रामीणों के बीच मतभेद गहराता जा रहे हैं। वर्तमान में जारी गाइड भर्ती प्रक्रिया को लेकर विस्थापित ग्राम के लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर अपने अधिकारों का दावा किया है। प्रकरण में मध्यप्रदेश शासन, टाइगर रिजर्व प्रबंधन सहित संबंधित पक्षों को न्यायालय द्वारा नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। बीटीआर प्रबंधन के अनुसार टाइगर रिजर्व क्षेत्र में गाइडों की संख्या पहले से ही आवश्यकता से अधिक है। वर्तमान में रिजर्व में 197 पंजीकृत गाइड कार्यरत हैं, जबकि पर्यटक जोन या कोर एरिया के विस्तार की कोई संभावना नहीं है। सीमित पर्यटन गतिविधियों के बीच इतनी बड़ी संख्या में गाइडों की जीविका ही कठिनाई से चल पा रही है।

**निराकरण में विलंब को लेकर खटखटाया न्यायालय का दरवाजा**-पूर्व में कुछ आवेदकों द्वारा गाइड पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। आवेदनों के निराकरण में विलंब को लेकर संबंधित लोगों द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया। न्यायालय ने प्रबंधन को निर्देशित किया था कि अभ्यावेदनों पर एक निश्चित समय-सीमा में अपने विवेक से निर्णय लिया जाए। उस समय गाइडों की संख्या कम होने के कारण सीमित पंजीयन किया गया था। विस्थापित ग्राम के लोगों द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यह आरोप लगाया गया है कि वर्तमान में की जा रही गाइड भर्ती नियमों के विरुद्ध है। याचिका में कहा गया है कि कई ऐसे लोगों को गाइड पंजीयन दिया जा रहा है, जिन्हें पहले से ही पर्यटक वाहन स्वामित्व या वाहन चालक पंजीयन के माध्यम से रोजगार प्राप्त है। विस्थापित ग्रामवासियों का तर्क है कि स्थायी सलाहकार समिति की बैठक के बिना ऐसे निर्णय लिए गए, जबकि टाइगर रिजर्व नियमों के अनुसार रोजगार में प्राथमिकता विस्थापित ग्रामवासियों को दी जानी चाहिए। विगत महीनों में आयोजित स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक में प्रबंधन के मुखिया ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया था कि वर्तमान में अतिरिक्त गाइड भर्ती की कोई आवश्यकता नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से यह राय बनी थी कि आगे किसी भी नई भर्ती से पहले मौजूदा गाइडों के रोजगार को प्राथमिकता दी जाए।

# बजट ने विकास की नई लकीर खींची : सांसद

**नवभारत उमरिया 1 फरवरी।** देश को मजबूत नेतृत्व, स्थिर सरकार और निर्णायक नीति देने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को केंद्रीय बजट संसद भवन में प्रस्तुत किया गया।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद के पटल पर ऐसा बजट रखा, जो आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और सबका साथ-सबका विकास की भावना को और सशक्त करता है। इस ऐतिहासिक बजट का सीधा प्रसारण देशभर के प्रमुख टीवी चैनलों पर हुआ, जिसे करोड़ों देशवासियों ने उत्साहपूर्वक देखा। शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद हिमाद्री सिंह ने केंद्र सरकार के आर्थिक विज़न की सराहना की।

### युवा और महिला सशक्तिकरण का रोडमैप है

उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि गरीब, किसान, युवा और महिला सशक्तिकरण का रोडमैप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है।' उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों में देश ने आर्थिक मजबूती, वैश्विक सम्मान और आत्मविश्वास प्राप्त किया है, और यह बजट उसी विश्वास की अगली कड़ी है।

# निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलमुक्त परीक्षा कराने के निर्देश

▸ बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**डिण्डौरी, नवभारत 1 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सफल, सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, कलेक्टर प्रतिनिधि, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते, डीपीसी श्वेता अग्रवाल सहित जिले के समस्त



प्राचार्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं सुव्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रकाश व बैठक व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को लेकर दिए सख्त निर्देश**-उन्होंने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर ने सख्त दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रश्नपत्रों की निकासी निर्धारित समय पर ही संबंधित थाना/चौकी से की जाए। प्रश्नपत्र निकालने की प्रक्रिया केन्द्राध्यक्ष अथवा सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी एवं कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक केन्द्र से 100 गज की परिधि में अनाधिकृत व्यक्तियों एवं अवांछनीय गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने छात्राओं की तलाशी केवल महिला शिक्षिकाओं द्वारा कराने के निर्देश भी दिए गए।

**परीक्षार्थियों का विवरण**-सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं में 9,192 नियमित एवं 594 स्वाध्यायी सहित कुल 9,786 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। कक्षा 12वीं में 6,389 नियमित एवं 1,104 स्वाध्यायी सहित कुल 7,493 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस प्रकार जिले में कुल 17,279 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिले में कुल 78 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें से 7 केन्द्रों को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। कक्षा 10वीं के लिए 78 तथा कक्षा 12वीं के लिए 65 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा

▸ ग्राम पड़वार में सक्षम और राजनीतिक लोग भूमि पर कर रहे अतिक्रमण

**चिल्हारी नवभारत 1 फरवरी।** जिले मानपुर जनपद के ग्राम पड़वार में खसरा क्रमांक 681/1 की सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे से ग्रामीण परेशान हैं। यह भूमि पशु औषधालय, हाट बाजार, मेला ग्राउंड, श्मशान और अस्पताल के लिए आरक्षित है।

गांव के सक्षम और राजनीतिक लोग इस भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी और कलेक्टर को लिखित रूप से कई बार अवगत कराया है। हालांकि, अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासन के आदेशों की अवहेलना कर अतिक्रमणकारी लगातार निर्माण कार्य कर रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी की मिलीभगत से यह अतिक्रमण कराया जा रहा है।

**सामुदायिक भवन की योजना में बाधा**-ग्राम पंचायत पड़वार को हाल ही में एक सामुदायिक भवन की स्वीकृति मिली थी। लेकिन सरपंच रूपा रामायण तिवारी ने 23 दिसंबर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी मानपुर को लिखित शिकायत दी। बावजूद इसके, सामुदायिक भवन के लिए भूमि नहीं दी गई है और कब्जा हटाने की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।